बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

आदेश

आ0सं0–1/प्रतिनियुक्ति–1–101/2025– 108 पटना/दिनांक– 19.02.2026

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही बड़ी–बड़ी परियोजनाओं जिनकी लागत राशि 50.00 करोड़ से अधिक है, का कार्यान्वयन निश्चित समय–सीमा में करने हेतु पूर्व से 05 परियोजना कार्य प्रमंडलों सहित अन्य पदों का अस्थायी सृजन विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–29, दिनांक–21.01.2010 द्वारा किया गया। तदोपरांत विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–580, दिनांक–24.09.2018 द्वारा 05 परियोजना कार्य प्रमंडल एवं अन्य पदों के स्थायीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ के अंतर्गत अधौरा एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल के अंतर्गत छातापुर में बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना (MVS) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। उक्त महत्वपूर्ण परियोजना को समय–सीमा के अंदर पूर्ण किये जाने एवं कार्यों के सतत् अनुश्रवण में संबंधित प्रमंडल द्वारा अन्य विभागीय योजना के क्रियान्वयन में कठिनाई उत्पन्न होती है।

3. अतः उपर्युक्त के आलोक में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ के अंतर्गत अधौरा में एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल के अंतर्गत छातापुर में बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना (MVS) को समय–सीमा के अंदर पूर्ण किये जाने एवं कार्यों के सतत् अनुश्रवण हेतु 02 कार्य परियोजना प्रमंडल को निम्न प्रकार से नामित किया जाता है। साथ ही स्तम्भ–3 में नामित सहायक अभियंता (असैनिक) को उक्त कार्यों हेतु कार्यपालक अभियंता के साथ सम्बद्ध किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | कार्यपालक अभियंता एवं कार्य प्रमंडल का नाम | सहायक अभियंता का नाम एवं पदस्थापित स्थान | संबंधित योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री आलोक कुमार, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना प्रमंडल सं0–01, पटना | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल सं0–05, पटना<br>श्री शिव प्रकाश साह, सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल सं0–06, पटना | बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना (MVS), अधौरा (भभुआ) |
| 2 | मो0 जुबैर, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना प्रमंडल सं0–05, पटना | श्री शुभम कुमार सिंह, सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल सं0–07, पटना<br>श्री राहुल कुमार, सहायक अभियंता (असैनिक), लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल सं0–08, पटना | बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना (MVS), छातापुर (सुपौल) |

2. उक्त नामित प्रमंडल योजनाओं के कार्यान्वयन का अनुश्रवण करेगें एवं उससे संबंधित प्रगति प्रतिवेदन मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध करायेगें।

3. इसके लिए इन्हें कोई अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।
4. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
5. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मुख्यालय)

ज्ञापांक–1/प्रतिनियुक्ति–1–101/2025– 108 पटना, दिनांक– 19.02.2026

प्रतिलिपिः–संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/संबंधित जिला पदाधिकारी, बिहार/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/ यांत्रिक)/निदेशक, भविष्य निधि निदेशालय, बिहार, पटना/संबंधित सहायक अभियंता (ए –)/मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/विभागीय आई0टी0 मैनेजर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मुख्यालय)

ज्ञापांक–1/प्रतिनियुक्ति–1–101/2025– 108 पटना, दिनांक– 19.02.2026

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के आप्त सचिव/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मुख्यालय)